आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 16.11.2025

समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने कहा–राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और जनता के जीवन स्तर को बढ़ाने को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।
- बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से चम्पावत में पहली बार जिला स्तरीय विज्ञान प्रौद्योगिकी प्रीमियम लीग का आयोजन किया गया।
- केदारनाथ धाम के प्रसाद को और अधिक मानकपूर्ण, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए आईआईटी कानपुर सहयोग करेगा।
- जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क का ढिकाला जोन पर्यटकों के लिए खोल दिया गया है।

**कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य**

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने कहा है कि भाजपा सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और जनता के जीवन स्तर को बढ़ाने को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। श्रीमति आर्य ने सोमेश्वर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम धूमण और सतरासी अरडिया में आयोजित जन मिलन कार्यक्रमों में ये बातें कहीं।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि सोमेश्वर विधानसभा में कई कार्य विधायक निधि और जिला योजना से किये जा रहे हैं। उन्होंने जन मांगों को देखते हुए पेयजल योजना समेत अन्य विकास कार्यों के लिए विधायक निधि से ढाई–ढाई लाख रुपये देने की घोषणा की।

**जिला स्तरीय विज्ञान प्रौद्योगिकी प्रीमियम लीग**

बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से चम्पावत में पहली बार जिला स्तरीय विज्ञान प्रौद्योगिकी प्रीमियम लीग का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य शिक्षा अधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट ने किया। जिले के विभिन्न विकासखंडों से चयनित प्रतिभागियों ने इसमें हिस्सा लिया। विजेता प्रतिभागी देहरादून स्थित युकास्ट मुख्यालय में आयोजित कार्यशाला में भाग लेंगे।

मुख्य शिक्षा अधिकारी ने बताया कि विकासखंड स्तर से शुरू हुई इस प्रतियोगिता में जिला स्तर पर 16 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है। विजेता प्रतिभागी युकास्ट मुख्यालय में होने वाली कार्यशाला में शामिल होंगे।

उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के जिला समन्वयक नवीन पंत ने बताया कि यूकास्ट की ओर से पहली बार विज्ञान क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई है। इसका उद्देश्य बच्चों में आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

## बागे�वर

बागेश्वर जिले की कोतवाली में थाना दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में व्यापार संघ, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। थाना दिवस के दौरान उपस्थित नागरिकों ने पुलिस से संबंधित अपनी–अपनी समस्याएँ अधिकारियों के सामने रखीं। पुलिस अधीक्षक चन्द्रशेखर घोड़के ने सभी फरियादियों की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि पुलिस प्रशासन जनता की सुरक्षा और सुविधा के प्रति प्रतिबद्ध है।

स्थानीय व्यापारियों ने थाना दिवस को पुलिस की एक सार्थक पहल बताया। उन्होंने कहा कि इससे पुलिस और जनता में आपसी विश्वास बढ़ेगा जो कि समाज हित में जनता के लिए सुखद रहेगा।

## केदारनाथ

केदारनाथ धाम के प्रसाद को अब तकनीक का साथ मिलने जा रहा है। प्रसाद को और अधिक मानकपूर्ण, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए आईआईटी कानपुर ने हाथ बढ़ाया है। रुद्रप्रयाग से हमारे सहयोगी विनय बहुगुणा ने बताया कि इस पहल से जहां प्रसाद की पहुंच देश–विदेश तक आसान होगी, वहीं रुद्रप्रयाग की महिलाओं को भी अधिक रोजगार और नई संभावनाएं मिलेंगी। केदारनाथ प्रसाद को मानक और गुणवत्ता के अनुरूप बनाने के लिए आईआईटी कानपुर तकनीकी सहयोग देगा। संस्थान प्रसाद को उच्च स्तर का बनाने के लिए विशेष टूल्स विकसित कर रहा है, जिससे यह देश–विदेश के श्रद्धालुओं तक आसानी से पहुंचेगा और स्थानीय महिला समूहों को अधिक रोजगार मिलेगा।

3 और 4 नवंबर को दिल्ली के डीआईसी सेंटर में हुई ऑल इंडिया मीट में रुड़की, खड़गपुर, कानपुर सहित कई आईआईटी और स्टार्टअप शामिल हुए। कार्यक्रम में आईआईटी कानपुर ने उत्तराखंड से केदारनाथ प्रसाद परियोजना को आमंत्रित किया। गंगा दुग्ध समूह मेदनपुर की सलाहकार कंचन सजवाण ने प्रसाद के सैंपल आईआईटी कानपुर के डिज़ाइन विभागाध्यक्ष सत्यकी रॉय और उनकी टीम को दिखाए, जिनकी उन्होंने सराहना की और इसे और बेहतर बनाने पर चर्चा की।
कार्यक्रम से लौटी किरण सजवाण ने बताया कि आईआईटी कानपुर ने केदारनाथ प्रसाद को राष्ट्रीय स्तर का उत्पाद बनाने में पूर्ण तकनीकी सहयोग का आश्वासन दिया है। संस्थान प्रसाद निर्माण के लिए विशेष टूल्स तैयार कर रहा है और आगे रुद्रप्रयाग जिले की महिलाओं को प्रशिक्षण भी देगा।
गौरतलब है कि 2019 से स्थानीय स्तर पर चौलाई का प्रसाद तैयार हो रहा है। महिला समूह चौलाई के लड्डू, चूरण, बेलपत्र, शहद, टीका, गंगाजल और भस्म तैयार कर रहे हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग की नियमित मॉनिटरिंग जारी है। इस वर्ष महिला स्वयं सहायता समूहों ने प्रसाद से 13 लाख रुपये का कारोबार किया, और गंगा दुग्ध समूह ने यात्रा के दूसरे चरण में अपनी वेबसाइट शुरू कर पूरा कारोबार ऑनलाइन किया।

## जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क

जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क का सबसे लोकप्रिय ढिकाला जोन 15 नवंबर से पर्यटकों के लिए खोल दिया गया। ढिकाला जोन में डे–विजिट कैंटर सफारी के साथ जंगल के बीच बने गेस्ट हाउस में नाइट स्टे की सुविधा भी उपलब्ध है। यही वजह है कि 31 दिसंबर तक सभी नाइट स्टे पहले से ही फुल बुक हैं। ढिकाला गेट खुलते ही पार्क पर्यटकों से गुलजार हो गया। पर्यटकों का उत्साह देखते ही बन रहा है।

## देहरादून पुलिस

दिल्ली में हुई कार विस्फोट की घटना के बाद देहरादून में पुलिस सघन चैकिंग अभियान चला रही है। इसके साथ ही बाइक रेंटल प्रतिष्ठानों की भी चैकिंग करने के अधिकारियों ने निर्देश दिए हैं। पुलिस की ओर से पुराने वाहन को रेंट पर देने और विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। एसएसपी देहरादून अजय सिंह ने ऐसे प्रतिष्ठान संचालको के लिये एसओपी तैयार करने के निर्देश दिये हैं। जिसके तहत सभी प्रतिष्ठान संचालको को वाहनों को विक्रय/रेंट पर देते समय एक फार्म दिया जायेगा, जिसमें उनके द्वारा वाहन खरीदार की समस्त डिटेल्स भरकर उसकी पहचान से सम्बन्धित समस्त वैध दस्तावेजो व उनके मोबाइल नम्बरों को लिया जायेगा। सभी दस्तावेजों व मोबाइल नम्बर को वेरिफाई करने की समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित प्रतिष्ठान संचालक की होगी।

## बागे□वर

राज्य गठन के 25 वर्ष पूरे होने पर बागेश्वर में उत्तराखंड–25 साल में क्या खोया, क्या पाया विषय पर एक दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया गया। प्रमुख जनआंदोलनकारी नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय संगठनों ने राज्य की नीतियों, चुनौतियों और भविष्य की दिशा पर विस्तृत चर्चा की। मुख्य वक्ता चारु तिवारी ने राज्य की नीतियों को जमीनी जरूरतों से दूर बताया और कहा कि पहाड़ों में समुदाय आधारित विकास मॉडल की जरूरत है। अन्य वक्ताओं में पी.सी. तिवारी और प्रभात ध्यानी ने भी अपनी बात रखीं। उन्होंने पर्वतीय क्षेत्रों के खाली होने को सामाजिक संकट बताते हुए स्थानीय संसाधनों पर समुदाय के अधिकार और युवाओं के लिए स्थानीय रोजगार की आवश्यकता पर जोर दिया।

## राष्ट्रीय प्रेस दिवस

देशभर में आज राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया जा रहा है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि देश के लोकतंत्र में प्रेस की अहम भूमिका है। राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में श्री वैष्णव ने कहा कि प्रेस की विश्वसनीयता को बढ़ाने और भ्रामक खबरों से निपटने के लिए प्रेस दिवस पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। उन्होंने इस अवसर पर प्रेस और मीडिया जगत में काम कर रहे सभी लोगों को बधाई दी।

इस अवसर पर सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉक्टर एल मुरुगन, मंत्रालय के सचिव संजय जाजू और भारतीय प्रेस परिषद की अध्यक्ष न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई भी उपस्थित रहीं। न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकारिता सत्यनिष्ठा, अटूट प्रतिबद्धता और दृढ़ता की मांग करती है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता मात्र एक पेशा नहीं है, बल्कि सत्य की खोज है। यह एक ऐसा पेशा है, जो साहस मांगता है।